दिल्ली-एनसीआर में बनेगा देश का पहला एनिमल ब्रिज, नोएडा के सबसे बड़े ईको- जोन का होगा हिस्सा, सफाई का काम हुआ शुरू

सेक्टर-137 मेट्रो स्टेशन के पास बायोडायवर्सिटी, औषधि व वेटलैंड के साथ किया जा रहा विकसित

भास्कर न्यूज़ । नोएडा

नोएडा में दिल्ली-एनसीआर का सबसे बड़ा ईको जोन बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसे नोएडा सेक्टर-137 मेट्रो स्टेशन के पास विकसित किया जा रहा है। इसके लिए कुल 144 एकड़ में सिटी फॉरेस्ट, बायोडायवर्सिटी पार्क, औषधि पार्क और वेटलैंड बनाया जा रहा है। इन चारों के बीच में वाइल्ड लाइफ एनिमल की आवाजाही के लिए यूरोपीय देशों की तर्ज पर एनिमल ब्रिज भी बनाने की योजना है। नोएडा प्राधिकरण का दावा है कि यह देश का पहला एनिमल ब्रिज होगा जिससे वाइल्ड लाइफ एनिमल बिना किसी रुकावट के आवाजाही कर सकेंगे। ये लोगों के लिए बने हाईवे या किसी सड़क मार्ग से पूरी तरह से अलग होगा। इस ईको-जोन में नेचुरल वेटलैंड को भी बेहतर किया जा रहा है जिससे उसमें प्रवासी पक्षियों का आवागमन हो सके। इस तरह एनसीआर का यह सबसे खास ईको-टूरिस्ट स्पॉट बन सकेगा। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने सोमवार को एक मीटिंग कर तैयारियां भी शुरू कर दीं।

144 एकड़ में कुल ईको जोन होगा तैयार	32 एकड़ में हरे-भरे पड़ों से ग्रीन बेल्ट	12 एकड़ में नेचुरल वेटलैंड का विकास	25 एकड़ में औषधि पार्क

प्रतीकात्मक तस्वीर

▪ नोएडा में शुद्ध हवा और जल प्रबंधन के लिए 144 एकड़ में ईको जोन बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है। इसे जल्द ही शुरू करने की योजना है। यह दिल्ली एनसीआर के सबसे बड़े ईको-टूरिस्ट स्पॉट के रूप में विकसित होगा जिसमें एक साथ बायो डायवर्सिटी पार्क के साथ ग्रीन बेल्ट, नेचुरल वेटलैंड और वाइल्ड लाइफ एनिमल होंगे। - **राजीव त्यागी**, जीएम, नोएडा प्राधिकरण